# कलीसिया का अनुशासन

**कलीसिया का अनुशासनः पाठ्यक्रम**

**टिप्पणियाँ -**

**कक्षा #१:**

I. पाठ्यक्रम परिचय।
II. कलीसिया के अनुशासन के उद्देश्यः
   क. बाइबल आधारित और गैर-बाइबल आधारित उद्देश्य।
   ख. अनुशासन का महत्व।

**कक्षा #२:**

II. कलीसिया के अनुशासन के लिए उद्देश्यः (जारी।)
   ग. कलीसिया का अनुशासन - व्यक्ति-विशेष के लाभ के लिए।
   घ. कलीसिया का अनुशासन - कलीसिया के लाभ के लिए।

**कक्षा #३:**

II. कलीसिया के अनुशासन के लिए उद्देश्यः (जारी।)
   ङ. कलीसिया का अनुशासन - झूठी शिक्षा से बचाव के लिए।
III. कलीसिया के अनुशासन के तरीकेः
   क. स्वयं को जांचना।
   ख. प्रार्थना।
   ग. प्रेम और नम्रता।
   घ. संपूर्ण कलीसिया की जिम्मेदारी।
   ङ. चेतावनी प्रक्रिया।

**कक्षा #४:**

III. कलीसिया के अनुशासन के तरीकेः (जारी।)
   च. अच्छे और बुरे उदाहरण उपलब्ध करना।
   छ. बहिष्कार।

**कक्षा #५:**

IV. पाठ्यक्रम निष्कर्षः
   क. पुनरावलोकन।
      कक्षा अभ्यास।
      परीक्षा।

टिप्पणियाँ -

**कलीसिया का अनुशासनः परीक्षा**
**संभावित २० बिंदू प्रश्न**

१) कलीसिया के अनुशासन के महत्व पर चर्चा करें (पृष्ठ १४९, १५०)।

२) मत्ती १८:१५-१७ में पाए जाने वाले कलीसिया के अनुशासन में चेतावनी की प्रक्रिया को परिभाषित करें और समझाएं (पृष्ठ १६०, १६१)।

३) दर्शाएँ कि किस प्रकार बहिष्कार, कलीसिया के अनुशासन का अंतिम चरण, बाइबल आधारित है (पृष्ठ १६२, १६३)।

**संभावित १० बिंदू प्रश्न**

१) कलीसिया के अनुशासन के लिए एक गैर-बाइबल आधारित उद्देश्य का वर्णन करें (पृष्ठ १४८)।

२) क्यों कमज़ोर कलीसिया की प्रतिष्ठा की रक्षा करना होना चाहिए इसे दर्शाने के लिए एक वचन का उपयोग करें (पृष्ठ १५३-१५५)।

३) अपने सदस्यों को अनुशासन में रखने की संपूर्ण कलीसिया की जिम्मेदारी को दर्शाने के लिए १थिस्सलुनीकियों ५:१४ का उपयोग करें (पृष्ठ १५९)।

४) ''ऐसे व्यक्ति को शरीर के विनाश के लिए शैतान को सौंपे जाने'' के विचार का संक्षेप में वर्णन करें (पृष्ठ १६३, १६४)।

५) कलीसिया के अनुशासन का सबसे महत्वपूर्ण नियम क्या है (पृष्ठ १६५)।

६) कलीसिया के अनुशासन की सफलता किस पर निर्भर करती है (पृष्ठ १६५-१६६)

# कलीसिया का अनुशासन

टिप्पणियाँ -

**I. पाठ्यक्रम परिचय।**

**क. कलीसिया का अनुशासन क्या है?**

१. अनुशासन को नैतिक शिक्षा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। हम पर्यवेक्षण, नियत्रंण, और सुधार के द्वारा आज्ञापालन सीखते हैं (इब्रानियों १२:११)।

२. नए नियम में, अनुशासन की सकारत्मक प्रकृति है। अनुशासन का स्त्रोत प्रेम है (प्रकाशितवाक्य ३:१९)।

३. हम कह सकते हैं कि नए नियम में दो प्रकार के अनुशासन हैं।

क. आत्म-अनुशासन।

ख. कलीसियाई अनुशासन।




**चर्चा विषय**

अनुशासन की आपकी पिछली समझ क्या है? क्या यह नकारात्मक है या सकारात्मक?

**ख. पाठ्यक्रम का ध्यान केंद्र।**

१. इस पाठ्यक्रम का ध्यान केंद्र कलीसियाई अनुशासन है।

२. विशेषरूप से, हम इसकी जांच करेंगे कि नया नियम कलीसिया का अनुशासन के उद्देश्यों और तरीकों के बारे में क्या कहता है।

टिप्पणियाँ -

**II. कलीसिया के अनुशासन के लिए उद्देश्य।**

**क. बाइबल आधारित और गैर-बाइबल आधारित उद्देश्य।**

१. कलीसिया के अनुशासन के लिए पौलुस के कुछ उद्देश्य।

क. पापी को पुनःस्थापित करना।

ख. शुद्धता और कलीसिया की प्रतिष्ठा बनाए रखना।

ग. मसीह को सम्मान देना।

२. इन तीनों बुनियादी उद्देश्यों में कुछ समान है। वे सकारात्मक परिणाम की इच्छा रखते हैं।

३. नए नियम में कलीसिया के अनुशासन को ''पासबानी'' के रूप में वर्णित किया गया है न कि ''न्यायी'' के रूप में।

क. ध्यान आपसी समर्थन पर था। पापियों को विश्वास की मंडली से बाहर निकालने के बजाए प्रोत्साहित किया जाता और विश्वास की मंडली में वापस लाया जाता था (इब्रानियों ३:१२-१३)।

ख. कलीसिया के अनुशासन का उद्देश्य पलटा लेना नहीं हो सकता "अपराध करने से संबंधित क्रोध और सजा"। पलटा लेना केवल परमेश्वर के लिए और उसके समय में आरक्षित किया जाना चाहिए (देखें रोमियों १२:१९; और १ थिस्सलुनीकियों ५:१५)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ -

**ख. अनुशासन का महत्व।**

१. पौलुस के लिए अनुशासन के महत्व को समझने के लिए, हमें पाप के प्रति उसके दृष्टिकोण को समझना होगा।

क. पौलुस पाप को एक बाहरी बल के रूप में समझता है जो जानता है कि कब और कैसे हमला करना है।

ख. वह परमेश्वर के अधिकार के विरूद्ध इन दुष्ट शक्तियों के इस हमले की वास्तविकता को समझ गया (देखें २ कुरिन्थियों २:११; इफिसियों ६:१२; २ थिस्सलुनीकियों २:९)।

ग. वह समझ गया कि पुराने स्वभाव और नए स्वभाव के बीच एक नियमित युद्ध है। अर्थात्, आदमीय स्वभाव और मसीह-केंद्रित स्वभाव के बीच (गलातियों ५:१७)।

२. पौलुस ने शरीर की दुर्बलता को समझा। वह पापी स्वभाव की सामर्थ्य को जानते थे। इस प्रकार, पौलुस के लिए अनुशासन का विचार बहुत महत्वपूर्ण था।

प्रेरित पौलुस और अनुशासनः

शरीर की दुर्बलता को **समझना**

|

अनुशासन के महत्व को **समझना**

|

**अनुशासन के लिए प्रेरणा**

३. १ कुरिन्थियों ५:१-१३ में हम पौलुस के लिए अनुशासन के महत्व को देखते हैं।

क. कोई पाप में गिर गया था। हालाँकि कुरिन्थियों की कलीसिया चिंतित नहीं जान पड़ती थी। वे उस व्यक्ति को अनुशासित करने की अपनी जिम्मेदारी को नहीं ले रहे थे। पौलुस ने उन्हें डाँटा और अनुशासन लागू करने का निर्देश दिया।

ख. पौलुस ने ऐसा किया क्योंकि वे पाप के स्वभाव और खतरे को समझ गए थे।

टिप्पणियाँ -

४. आज हमारी बहुत सी कलीसियाएँ कुरिन्थ की कलीसिया के समान हैं।

क. वे घमंडी और हठी हैं (पद २)। वे पाप के प्रति अपनी सहनशीलता की सराहना करते हैं (पद ६)। वे मानवीय प्रेम की इस अनुभूति के साथ सहज हैं।

ख. वे पाप की प्रकृति और खतरे को नहीं समझते। यह एक खमीर है (पद ६)। यह केवल बढेगा। कुछ किया जाना चाहिए (पद ७)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

ग. यदि हम पाप की प्रकृति को समझते हैं, तो हम अनुशासन के महत्व को समझेंगे। हम अनुशासन को एकमात्र आशा के रूप में देखेंगे (देखें १ कुरिन्थियों ५:५)।

**चर्चा विषय**

नीतिवचन १९:१८; २३:१३, १४; १३:२४; और २९:१५ का अध्ययन करें।

नीतिवचन में ये पद कलीसिया का अनुशासन से किस प्रकार संबंधित हैं?
नीतिवचन में इन पदों का पढ़ कर चर्चा को बढ़ावा दें और ''लड़के'' को ''पापी''
से और ''अभिभावक'' को ''कलीसिया'' से बदलें।
साथ ही निम्नलिखित बयानों पर चर्चा करें:

एक अभिभावक जो अपने बच्चे को अनुशासित नहीं करता (छड़ी के द्वारा) वह अनाज्ञाकारिता की प्रकृति और खतरे को नहीं समझता।

एक कलीसिया जो अपने सदस्यों को अनुशासित नहीं करती (कर्मचारियों के द्वारा) वह पाप की प्रकृति और खतरे को नहीं समझती।

टिप्पणियाँ -

**ग. कलीसिया अनुशासन - व्यक्ति-विशेष के लाभ के लिए।**

१. अनुशासन के लिए हमारी प्रेरणा उस व्यक्ति-विशेष की सहायता करने की इच्छा पर आधारित होनी चाहिए जिसे अनुशासित किया जा रहा है। कलीसिया का अनुशासन कलीसिया के प्रभु का अनुशासन है।

२. अनुशासन के लिए सही उद्देश्य।

क. प्रेम (इब्रानियों १२:६; २ कुरिन्थियों २:४)।

१) झूठे प्रेम से सावधान रहें। सहनशीलता अक्सर आलसीपन और वास्तविक चिंता और प्रेम की घटी का एक परिणाम होती है। यह अक्सर एक मानवीय प्रेम और झूठा प्रेम होता है। संभावत यही था जिसे पौलुस ने १ कुरिन्थियों ५:२, ६ में संबोधित किया था। कुरिन्थियों के लोग संभावित रूप से अपनी सहनशीलता के प्रति घमंडी थे। हालाँकि, पाप को सहना प्रेम नहीं है (इब्रानियों १:१३ में प्रेम के प्रति लेखक के दृष्टिकोण पर विचार करें)। हमें पापियों को स्वीकार और उसने प्रेम करना चाहिए, लेकिन हम पाप को स्वीकार और उससे प्रेम नहीं कर सकते।

२) पौलुस कहते हैं कि घमंड करने बजाए उन्हें शोक करना चाहिए (पद २)। पाप की गंभीरता के प्रति हमारे प्रत्युत्तर में एक ईमानदारी होनी चाहिए। यह अनुशासन की ओर ले जाएगा जो प्रेम में किया जाता है।

**लेखक का उदाहरण:**

एक पिता के दुःख पर विचार करें जो उसके पुत्र की अनाज्ञाकारिता के कारण है। पिता पुत्र को उसके प्रति अपनी चिंता और प्रेम के कारण अनुशासित करता है।

एक वास्तविक प्रेम का परिणाम अनुशास की इच्छा होगा क्योंकि एक वास्तविक प्रेम अपने प्रियजन के पुर्नस्थापन को देखना चाहेगा (देखें २ तीमुथियुस २:२५, २६)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

**टिप्पणियाँ -**

ख. नम्रता (गलातियों ६:१)।

१) २ थिस्सलुनीकियों ३:६-१५ में उपयोग किए गए शब्दों के प्रकारों पर विचार करें।

क) "हर एक भाई जो अनुचित चाल चलता है" (पद ६)। पौलुस ''हर दुष्ट जो आलसी और बेकार है'' जैसे कठोर शब्दों का उपयोग कर सकते थे।

ख) "कितने लोग तुम्हारे बीच में" (पद ११)। पौलुस कुछ और अधिक दोष लगाने वाले शब्दों जैसे ''तुम्हरे बीच में कुछ निकम्मे'' का उपयोग कर सकते थे।

ग) "ऐसों को" (पद १२)। पौलुस नफरत भरे शब्दों जैसे ''ऐसे तुच्छ लोग'' का उपयोग कर सकते थे।

२) पौलुस अपने शब्दों के द्वारा दोषियों की निंदा कर सकते थे। लेकिन यह उनका इरादा था। इसलिए, यह उनका उद्देश्य नहीं था।

क) उनका उद्देश्य पुनः स्थापना था दोष लगाना नहीं। वह प्रेम के द्वारा प्रेरित थे नफरत या बदले की भावना के द्वारा नहीं।

ख) अनुशासन का ध्यान केंद्र उस अपराध के विरूद्ध है जो किया गया था। यह अपराधी के विरोध में नहीं है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

३. पौलुस लोगों के साथ दृढ़ रहने में सक्षम थे क्योंकि उनके उद्देश्य स्पष्ट थे (देखें २ थिस्सलुनीकियों ३:१४)।

क. वे पाप की अपनी अस्वीकृति में नियमित थे।

ख. वे व्यक्ति-विशेष के प्रति अपने प्रेम और गंभीर चिंता में नियमित थे।

टिप्पणियाँ -

४. व्यक्ति का पुर्नस्थापन कलीसिया के अनुशासन की प्रेरणा और तरीका है।

क. पुनः स्थापना के मार्ग की ओर लज्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

ख. ''लज्जा'' शब्द के अर्थ (पद १४) में ''अपने आप'' के देखने का विचार शामिल है।

१) यह पाप के संबंध में गहन चिंतन की प्रक्रिया है।

२) उद्देश्य यह है कि यह गहन चिंतन पश्चाताप की ओर ले जाएगा। जब पश्चाताप होता है तो क्षमा प्राप्त होती है। व्यक्ति को सुधारने के लिए अनुशासन किया जाता है। यह कभी भी किसी व्यक्ति को दंडित करने या उससे बदला लेने के लिए नहीं किया जाता।

**चर्चा विषय**

जब आप कलीसिया के अनुशासन में शामिल रहे हैं, क्या आपकी मुख्य प्राथमिकता उस व्यक्ति की मदद करना थी जिसे अनुशासित किया जा रहा था? या फिर यह गलत होने की प्रतिक्रिया थी? हमें अपने हृदयों को जाँचना चाहिए ताकि जिन लोगों को अनुशासन की आवश्यकता है उनके व्यवहार करने में हमारे उद्देश्य शुद्ध हों।

**घ. कलीसिया का अनुशासन - कलीसिया के लाभ के लिए।**

१. कलीसिया के अनुशासन के लिए प्रेरणा का एक भाग कलीसिया की अच्छी प्रतिष्ठा को बनाए रखना है। कलीसिया को बढ़ने के लिए एक अच्छी प्रतिष्ठा को बनाए रखना चाहिए।

क. कलीसिया के अन्दर पश्चाताप के बिना पाप का अस्तित्व कलीसिया के संदेश के अनुरूप नहीं है। यह कलीसिया के संदेश की वैधता को प्रभावित कर सकता है।

ख. जब कलीसिया के संदेश की वैधता प्रभावित होती है तो कलीसिया की वृद्धि भी प्रभावित होती है।

**टिप्पणियाँ -**

२. पौलुस के शब्द दृढ़ता से कहते हैं कि कलीसिया को इसके सदस्यों के पाप द्वारा लज्जित होने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

क. १ कुरिन्थियों ५:१ पर विचार करें।

१) पौलुस कहते हैं, ''यहाँ तक सुनने में आता है। यह वाक्यांश पाप के उस प्रभाव को प्रगट करता है जो कलीसिया की प्रतिष्ठा पर पड़ता है।

२) वह आगे कहते हैं, श्जो अन्य जातियों में भी नहीं होता। यह वाक्यांश कलीसिया की प्रतिष्ठा पर पाप के प्रभाव की सीमा की ओर संकेत करता है।

ख. विचार करें कि कलीसिया की प्रतिष्ठा कितनी महत्वपूर्ण है (देखें १ कुरिन्थियों ६:१,४)।

**चर्चा विषय**

क्या संसार कलीसिया के भीतर पाप पर ध्यान देता है?
क्या वे तुरंत व्यापक रूप से उसकी सूचना देते हैं?
कलीसिय में पाप के प्रगट होने पर क्या सांसारिक प्रतिक्रिया होती है?
यह उनकी अपनी जीवनशैली के बारे में उनके रवैये को किस प्रकार प्रभावित करता है?

३. कलीसिया के भीतर पाप परमेश्वर के शत्रुओं को निंदा करने का अवसर देता है। (देखें रोमियों २:२४ और १ तीमु. ६:१)।

क. परमेश्वर के सम्मान को पुर्नस्थापित करने के लिए (१ कुरिन्थियों ५:७ख) पाप को दूर किया जाना चाहिए (१ कुरिन्थियों ५:७)।

ख. केवल तब ही, कलीसिया की गवाही फिर से चमक सकती है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ -

४. मिशन और सुसमाचार प्रचार के संबंध में कलीसिया की प्रतिष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है।

क. कलीसिया संसार के लिए पमेश्वर के गवाह का प्रतिनिधित्व करती है। परमेश्वर ने कलीसिया को अपनी महिमा और अपने नाम की पहचान करने के लिए इस्तेमाल करने के लिए चुना है।

ख. परमेश्वर के प्रति संसार का दृष्टिकोण कलीसिया के प्रति संसार के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। यह एक बेदाग कलीसिया है जिसका परिणाम मसीह के आगमन पर संसार में परमेश्वर की महिमा है (१ पतरस २:१२)।

**चर्चा विषय**

क्या होता है जब संसार कलीसिया को स्वयं के अलग नहीं देखता, और मसीहियों को दयावंत, पवित्र, या मसीह-केंद्रित नहीं देखता?

५. कलीसिया की प्रतिष्ठा यह होनी चाहिए कि यह पवित्र है क्योंकि परमेश्वर पवित्र है। अर्थात्, वह (और इसलिए कलीसिया) अलग किया गया है (''पवित्र'' शब्द का अधिक शाब्दिक अनुवाद)।

क. कलीसिया को पाप से अलग होना चाहिए। हाँ, कलीसिया में अनुशासन का आधार परमेश्वर की पवित्रता है।

ख. अनुशासन की घटी परमेश्वर की पवित्रता के संबंध में समझ की घटी की ओर संकेत करती है।

६. कलीसिया की व्यवस्था या प्रबंधन करने के लिए हमें अनुशासित होना चाहिए। हमारी प्रेरणा कलीसिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखना होना चाहिए (देखें १ तीमुथियुस ५:१९, २०)।

टिप्पणियाँ -

७. १ कुरिन्थियों ५:६ में, पौलुस के प्रश्न पर विचार करें। "खमीर" दुष्टता का प्रतीक था। यहाँ यह स्पष्ट है। अनुशासन के लिए पौलुस की प्रेरणा का संबंध कलीसिया की प्रतिष्ठा को बनाए रखने से है (साथ ही देखें यहोशू ७:२५)।

क. इसके अतिरिक्त, कलीसिया की समझ एक देह के रूप में है। कलीसिया एक है!

१) खमीर अपने बुरे प्रभाव के कारण सारे गुंथे हुए आटे को खमीर कर देता है।

२) यह सारे गुंथे हुए आटे को खमीर कर देता है क्योंकि कलीसिया एक देह है। यह कहा जा सकता है कि कलीसिया में एक पापी का होना सभी के पापी हो जाने के समान है (१ कुरिन्थियों १२:२६)।

ख. एक व्यक्तिवादी समाज में (जैसे कि संयुक्त राज्य), इस अवधारणा को समझना और स्वीकार करना बहुत कठिन है। फिर भी, यह सत्य है।

१) यह आत्मिक रूप से सत्य है।

२) साथ ही यह व्यावहारिक रूप से भी सत्य है।

३) याद रखें १ कुरिन्थियों ५ का चरम पाप एक कलीसिया में पाया गया जिसमें अनैतिकता की बहुत सी समस्याएँ थी।

४) यह केवल व्यक्ति-विशेष की समस्या नहीं है। यह कलीसिया की समस्या है क्योंकि कलीसिया एक देह है।

५) यदि कलीसिया इस अवधारणा के सत्य को समझती और स्वीकार करती है, तो इसे अनुशासन के लिए और अधिक प्रेरणा प्राप्त होगी।

**चर्चा विषय**

यदि आपकी कलीसिया के भीतर कोई पाप में है, तो क्या आप इसे केवल उनकी समस्या के रूप में देखते है, या कलीसिया की समस्या के रूप में? क्या कलीसिया को एक देह के रूप में देखना आपके लिए अनुशासन को अलग तारीके से देखने का कारण होगा?

टिप्पणियाँ -

**ङ. कलीसिया का अनुशासन - झूठी शिक्षा से बचाने के लिए।**

१. झूठी शिक्षा कलीसिया में विभाजन का कारण हो सकती है।

२. पौलुस ने इस प्रकार की परिस्थितियों में कलीसिया के अनुशासन का उपयोग किया (देखें तीतुस ३:१०; १ कुरिन्थियों ११:१९; और गलातियों ५:२०; और रोमियों १६:१७)।

३. इन परिस्थितियों में कलीसिया के अनुशासन का उद्देश्य कलीसिया की रक्षा करना था (देखें गलातियों १:६-९)।

४. फिर भी, इन परिस्थितियों में भी पौलुस व्यक्ति-विशेष के लिए चिंचित थे (देखें तीतुस १:९-१३)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा विषय**

कलीसिया का अनुशासन के उद्देश्यों से संबंधित अतिरिक्त प्रशनों या टिप्पणियों पर संक्षेप में चर्चा करें।

**III. कलीसिया के अनुशासन के तरीके।**

**क.** स्वयं को जाँचना।

१. कलीसिया के अनुशासन के उद्देश्य कलीसिया के अनुशासन के तरीकों को प्रभावित करते है। यदि हमारे उद्देश्य सही है, तो हम में दूसरों को जाँचने से पहले स्वयं को जाँचने के लिए नम्रता होगी (विचार और चर्चा करें गलातियों ६:१)।

२. यदि पहले स्वयं को नहीं जाँचा जाएगा, तो वह व्यक्ति परमेश्वर का पात्र होने के लिए तैयार नहीं होगा जो अनुशासन को लागू कर सकता है। उसके पास प्रेम और नम्रता नहीं होगी जो कि आवश्यक है।

टिप्पणियाँ -

**चर्चा विषय**

कलीसिया के अनुशासन के संबंध में मत्ती ७:१-५ पर विचार और चर्चा करें।

**ख. प्रार्थना।**

१. प्रार्थना अनुशासन की प्रक्रिया की बुनियाद होनी चाहिए।

२. १ कुरिन्थियों ५:३, ४, में अपने निर्देश में, पौलुस का अर्थ यह प्रतीत होता है कि कलीसिया के अनुशासन में प्रार्थना आवश्यक है।

३. कलीसिया को कलीसिया का अनुशासन लागू करने का अधिकार है क्योंकि यह मसीह की देह है। इसका सिर के साथ सीधा संबंध है। उचित अनुशासन के लिए यह प्रार्थना के माध्यम से मसीह ही इच्छा को प्रगट कर सकता है (देखें मत्ती १८:१८-२०)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा विषय**

उस समय को प्रतिबिंबित करें जहाँ कलीसिया के अनुशासन के संबंध में प्रभु ने अपनी इच्छा को गहन प्रार्थना के द्वारा प्रगट किया। बुद्धिमानी और विवेक के साथ गवाही को साझा करें।

**ग. प्रेम और नम्रता।**

१. एक चरम परिस्थिति के बीच में थी, पौलुस कलीसिया के अनुशासन को प्रेम और नम्रता से करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं (२ थिस्सलुनीकियों ३:१५)।

२. इस तरीके का अनुसरण करने के लिए, हमें अगस्टिन से जोड़कर कहे जाने वाले इन शब्दों को अभ्यास में लाना चाहिए: ''गलती को मार डालो लेकिन उस व्यक्ति से प्रेम करो जिसने गलती की है'' (देखें गलातियों ५:२३ और ६:१)।

टिप्पणियाँ -

**अपना उदाहरण लिखें:**

**घ. संपूर्ण कलीसिया की जिम्मेदारी।**

१. यह स्पष्ट है कि पौलुस स्थानीय कलीसिया को एक वाहक के रूप में स्थापित करना चाहते हैं जो कलीसिया का अनुशासन को लागू करे।

२. अगुवे अनुशासन को लागू करने के लिए मंडली के साथ मिलकर कार्य करते हैं।

क. उदाहरण के लिए, १ कुरिन्थियों ५:१३ में प्रयुक्त वाक्यांश व्यवस्थाविवरण १७:७ से आता है।

१) व्यवस्थाविवरण १७:७ का संदर्भ क्रियात्मक रूप में संपूर्ण दल की भागीदारी था (गवाहों से लेकर सारे लोगों तक की गतिविधि पर ध्यान दें)।

२) जोर देने के लिए, पौलुस वाक्यांश की क्रिया (दूर करना) को बहुवचन के रूप में ''हम दूर करते'' लिखते हैं। पुराने नियम के खंड में यह एकवचन के रूप में है। (देखें व्यवस्थाविवरण १९:१९; २२:२१, २४; २४:७)।

ख. १ थिस्सलुनीकियों ५:१४ का संदर्भ संपूर्ण कलीसिया की जिम्मेदारी की ओर संकेत करता हुआ जान पड़ता है। एक देह के रूप में अनुशासन कलीसिया की जिम्मेदारी है।

ग. साथ ही, १ तीमुथियुस ५:२० में सभी शब्द के निहितार्थों पर विचार करें।

घ. बहुत से ईश्वरीविज्ञानी मानते हैं कि ''तीतुस'' नामक पत्री लोगों के बीच पढ़ी गई। यदि मुद्दा यह था, तो २:१५ में अनुशासन का निर्देश संपूर्ण कलीसिया के लिए था।

ङ. साथ ही कलीसिया की देह और अनुशासन के संबंध में २ कुरिन्थियों २:६ और १कुरिन्थियों ५:४ देखें।

टिप्पणियाँ -

**चर्चा विषय**

आप क्या सोचते हैं कि किस प्रकार का प्रभाव होगा यदि अनुशासन के मामले में संपूर्ण कलीसिया द्वारा उन लोगों के प्रति प्रेम और नम्रता पूर्वक भागीदारी ली जाए जिन्हें अनुशासित किया जाना है?

**ङ. चेतावनी की प्रक्रिया।**

१. मत्ती १८:१५-१७ को पढ़ें और अध्ययन करें। यह चेतावनी की प्रक्रिया के संबंध में बाइबल में सबसे परिपूर्ण खंड है।

क. इस प्रक्रिया की जड़े यहूदियों के अपने रब्बी (शिक्षक, गुरू) के साथ अभ्यास में पाई जाती है। यदि एक रब्बी ने कुछ गलत करता, तो कुछ विशेष शब्द और कार्य थे जिनका उपयोग उसे चेतावनी देने और उलाहना देने के लिए किया जाता था। यह ३० दिनों की अवधि तक किया जाता था। यदि समस्या जारी रहती थी, तो उन्ही शब्दों और कार्यों के साथ ३० दिनों की एक और अवधि होती थी। उसके बाद बहिष्कार आया।

ख. इसके अलावा तीतुस ३:१० में पाई जाने वाली प्रक्रिया को देखें, "किसी पाखण्डी को एक दो बार समझा-बुझाकर उससे अलग रह।"

२. मत्ती १८:१५-१७ में चेवावनी की प्रक्रिया में चार चरण हैंः

क. निजी रूप से व्यक्ति का सामना करें। अपने आप से जाएं (पद १५)।

ख. एक या दो अन्य लोगों को साथ लेकर व्यक्ति का सामना करें (पद १६)।

ग. संपूर्ण कलीसिया के सामने व्यक्ति का समाना करें (पद १७)।

घ. बहिष्कार (पद १७ख)।

३. निम्नलिखित वचनों के संबंध में पिछले चार चरणों पर विचार करेंः

क. गलातियों ६:१।

ख. १ तीमुथियुस ५:१९।

ग. १ तीमुथियुस ५:२०।

घ. १ कुरिन्थियों ५:५;१ तीमुथियुस १:२०।

टिप्पणियाँ -

४. कलीसिया के अनुशासन में एक प्रक्रिया है। अनुशासन सबसे मज़बूत संभावित विरोध से शुरू नहीं होता। यह कदम दर कदम होता है।

क. उदाहरण के लिए, १ और २ थिस्सलुनीकियों में ''उपद्रवियों'' (आलसी) के मुद्दे पर विचार करें।

१) पहले, पौलुस उन्हें १ थिस्सलुनीकियों ४:११ और ५:१४ में एक विन्रम चेतावनी देते हैं।

२) फिर, वह उन्हें २ थिस्सलुनीकियों ३:६-१५ में अधिक मज़बूत चेतावनी देते हैं।

**चर्चा विषय**

एक प्रक्रिया का अनुसरण किए बिना या पालन किए जाने वाले चरणों की श्रृंखला का अनुसरण किए बिना कलीसिया के अनुशासन में शामिल होने से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करें। क्या विशेष परिणाम हैं?

**च. अच्छे और बुरे उदाहरण उपलब्ध कराना।**

१. पौलुस ने अनुशासन के अपने तरीकों के रूप में उदाहरण स्थापित किए।

क. उन्होंने अनुसरण करने के लिए अच्छे उदाहरण दिए, जैसा कि २ थिस्सलुनीकियों ३:६-१० में।

१) "तुम आप जानते हो कि किसी रीति हमारी सी चाल चलनी चाहिए" (२थिस्सलुनीकियों ३:७)।

२) ''अपने आप को तुम्हारे लिए आदर्श ठहराएं, कि तुम हमारी सी चाल चलो" (२थिस्सलुनीकियों ३:९)।

ख. उन्होंने बुरे उदाहरणों पर भी प्रकाश डाला जिनका अनुसरण नहीं किया जाना चाहिए, जैसे कि १ तीमुथियुस ५:१९, २०।

१) "पाप करने वालों को सबके सामने समझा दे, ताकि और लोग भी डरें" (पद २०)।

२) यहाँ पर निहितार्थ यह है कि बुरा उदाहरण अनुशासन की प्रक्रिया के भाग के रूप में दिया गया है।

२. अच्छे और बुरे दोने उदाहरणों ने आत्म अनुशासन के अपकरण के रूप में अधिक कार्य किया। इनका उपयोग दूसरों को सही काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है।

टिप्पणियाँ -

**छ. बहिष्कार।**

१. हाँ, बहिष्कार का विचार बाइबल आधारित है। यह कलीसिया के अनुशासन में अंतिम चरण है।

२. हाँ, बहिष्कार के दो स्तर जान पड़ते हैं।

क. पहला स्तरः "उसकी संगति न करो" (२ थिस्सलुनीकियों ३:१४; १ कुरिन्थियों ५:९)।

१) २ थिस्सलुनीकियों ३:१४ और १ कुरिन्थियों ५:९ दोनों एक ही यूनानी शब्द (sunanamignomi अर्थात सुनानामिग्नोमी) का उपयोग करते हैं। यह शब्द नए नियम में और कहीं भी नहीं पाया जाता। इस शब्द का विचार दूसरों को यह बताना है कि ऐसे व्यक्ति के साथ संगति न करें जो कलीसिया का अनुशासन के इस स्तर पर पहुँच गया है।

२) बहिष्कार का यह स्तर बहुत गंभीर है। यह पूर्ण है।

क) भोजन करने के संबंध में १ कुरिन्थियों ५:११ और २ थिस्सलुनीकियों ३:१०, १२ के निहितार्थों पर विचार करें।

ख) अधिकत्तर संगति एक साथ भोजन करते समय की जाती है (प्रेरितों २:४६ पर विचार करें)। यदि अनुशासित किया जा रहा व्यक्ति दूसरों के साथ भोजन नहीं कर सकता है तो सम्बन्ध का अभाव पूर्णताः प्रगट होता है।

३) हालांकि, अनुशासन बैर की आत्मा के साथ नहीं किया जाता है, बल्कि यह इस प्रकार किया जाता है जैसे एक भाई के साथः ''तौभी उसे बैरी मत समझो पर भाई जानकर चिताओ'' (२ थिस्सलुनीकियों ३:१५)।

४) ऐसा प्रतीत होता है कि यहाँ एक विरोधाभास है। किसी के साथ संगति न रखना भाइचारे के अनुरूप नहीं लगता। हालाँकि, इसमें कोई विरोधाभास नहीं है। दो अवधारणाओं के बीच का तनाव आवश्यक और समझने योग्य है।

**चर्चा विषय**

निम्नलिखित आरेख पर चर्चा करें जो बहिष्कार के ''तनाव'' को प्रस्तुत करता है।

टिप्पणियाँ -

| | | |
|---|---|---|
| उसके साथ संगती न रखो | तनाव | भाई जानकार |
| परमेश्वर पवित्र हैं | तनाव | परमेश्वर पवित्र हैं |
| पाप से बैर रखो | तनाव | पाप से बैर रखो |
| अनुशासन का तरीका | तनाव | अनुशासन का तरीका |

क) यह आरेख कलीसिया के अनुशासन के तरीके और उद्देश्य के बीच मौजूद तनाव का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है।

ख) इस तनाव के बीच हम संतुलन बना सकता है, जिस प्रकार यहाँ परमेश्वर के चरित्र में संतुलन है। वह १००% पवित्र हैं। वह १००% प्रेम हैं। ये दोनों गुण एक दूसरे के विरोध में काम नहीं करते। ये एक साथ काम करते हैं। यही कलीसिया का अनुशासन के बारे में भी सत्य है। यह स्पष्ट और ''कठोर'' हो सकता है। फिर भी यह प्रेम में किया जाता है।

ख. बहिष्कार का दूसरा स्तरः "ऐसा व्यक्ति शरीर के विनाश के लिए शैतान को सौंपा जाए" (१ कुरिन्थियों ५:५; १ तीमुथियुस १:२०)।

१) बहिष्कार का यह स्तर समझने के लिए कुछ अधिक कठिन है। इसे समझने के लिए, हमें परमेश्वर की संप्रभुता पर विचार करने की आवश्यकता है।

क) परमेश्वर अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए शैतान का भी इस्तेमाल कर सकते है। शैतान को अनुशान के वाहन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

ख) परमेश्वर नकारात्मक का इस्तेमाल सकारात्मक को प्रगट करने के लिए कर सकते हैं (देखें भजन ७६:१० और रोमियों ८:२८)।

ग) इस प्रकार का सिद्धांत २ कुरिन्थियों १२:७ में पाए जाने वाले सिद्धांत के समान है। शैतान की ओर से नकारात्मक चीज का उपयोग पौलुस के जीवन में सकारात्मक चीज के रूप में किया गया।

टिप्पणियाँ -

घ) चाहे शैतान अनुशासन का कारक हो, फिर भी परमेश्वर का उद्देश्य सकारात्मक है।

ड) बहिष्कार की आशा यह है कि इसका परिणाम पश्चाताप होगा। ऐसा इसलिए है ताकि ''ताकि उसकी आत्मा प्रभु यीशु के दिन में उद्धार पाए'' (१ कुरिन्थियों ५:५) (साथ ही नीतिवचन २३:१३, १४ को देखें)।

२) किसी को शैतान को सौंपना कलीसिया के अनुशासन का एक अतिरिक्त चरण नहीं है। यह बहिष्कार का एक परिणाम है।

**लेखक का उदाहरण:**

बहिष्कार होना युद्ध के समय अकेले चलने के समान है। एक सैनिक जो सेना से अलग हो जाता है वह शत्रु के हमलों के लिए बहुत आसान लक्ष्य है। यह एक बहिष्कृत मसीही के लिए भी समान है। उसके पास परमेश्वर की सेना की सुरक्षा नहीं है। वह शत्रु के हमले लिए आसान लक्ष्य है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

३) हम प्रभु भोज और मंडली के विचार के महत्व को कलीसिया की देह में देख सकते हैं। एक निश्चित मात्रा तक, हम वास्तव में एक दूसरे पर आश्रित हैं।

क) परमेश्वर के लोगों की मंडली में सुरक्षा है।

ख) अनुशासन तब होता है जब सुरक्षा हटा ली जाती है। इसे बहिष्कार कहा जाता है।

टिप्पणियाँ -

**लेखक की टिप्पणी:**

हम इस सिद्धांत को समझने के लिए उडाऊ पुत्र के दृष्टांत पर विचार कर सकते हैं (लूका १५:११-३२)।

कई बार एक व्यक्ति तब तक पश्चाताप नहीं करेगा जब तक वह यह महसूस नहीं करता कि वह खो गया है। यह उडाऊ पुत्र का सत्य है। घर की सुरक्षा और लाभ के महत्व को समझने के बाद ही उसने पश्चाताप किया।

यही बात उस व्यक्ति के लिए भी सत्य है जो कलीसिया के अनुशासन के अंतिम चरण पर पहुँच चुका है। परमेश्वर के परिवार की सुरक्षा और लाभ के महत्वों को समझना पश्चाताप करने में एक व्यक्ति की सहायता कर सकता है। परमेश्वर किसी व्यक्ति को इन बातों का एहसास करने के लिए शैतान का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**चर्चा विषय**

पाठ्यक्रम का निष्कर्ष निकालने से पहले बहिष्कार द्वारा अनुशासन से संबंधित किसी भी प्रश्न या टिप्पणी पर चर्चा करें।

**IV. पाठ्यक्रम निष्कर्ष।**

**क. सारांश पुनरावलोकन।**

१. कलीसिया के अनुशासन का सबसे महत्वपूर्ण नियम यह है कि उद्देश्य हमेशा व्यक्ति को पुर्नस्थापित और क्षमा करना होना चाहिए।

२. कलीसिया के अनुशासन की सफलता कलीसिया में संगति की मजबूती पर निर्भर करती है। कलीसिय में संगति जितनी अधिक मज़बूत होगी, अनुशासन उतना अधिक प्रभावशाली हो सकती है।

क. कलीसिया का अनुशासन एक पिता के समान है जिसका एक विद्रोही युवा पुत्र है। यदि वह पिता अपने पुत्र को अनुशासित करने में सक्षम होना चाहता है, तो भला होगा कि वह उसके साथ एक मज़बूत रिश्ता रखे। यदि उसका सम्बन्ध के साथ कमज़ोर होगा तो अनुशासन अधिक प्रभावी नहीं होगा।

ख. यह सत्य क्यों है? यह सत्य है क्योंकि एक रिश्ते तो तोड़ना कठिन है।

ग. उदाहरण के लिए बहिष्कार केवल तब ही प्रभावशाली होगा जब **एकता** हो। यदि शुरूआत करने के लिए **एकता** नहीं है तो बहिष्कार का कोई अर्थ नहीं है।

टिप्पणियाँ -

**लेखक का उदाहरण:**

मौजूदा मजबूत रिश्ते के बिना बहिष्कार उस पिता के समान होगा जो अपने विद्रोही पुत्र को यह कहकर धमकी देता है, ''यदि तुम आज्ञा नहीं मानोगे तो मैं तुम्हारे साथ बास्किट बॉल नहीं खेलूंगा।'' यदि पिता ने तीन साल तक पुत्र के साथ बास्किट बॉल नहीं खेला है तो इस प्रकार का अनुशान अधिक प्रभावी नहीं होगा।

शायद कई कलीसियाओं में एकता की कमी अनुशासन की कमी को वर्णित करती है।

३. सफल और बाइबल आधारित कलीसिया का अनुशासन करने में आसान नहीं है। हमें परमेश्वर की पवित्रता और परमेश्वर के प्रेम के बीच संतुलन रखने की आवश्यकता है। हमें सीखने की जरूरत है कि प्रेम में सत्य कैसे बोला जाता है।

**कक्षा अभ्यास:**

**अभ्यास एक:**

यदि पाठ्यक्रम के अंत में समय है तो शिक्षक को निम्नलिखित अभ्यास में छात्रों की अगुवाई करनी चाहिए।

छात्रों को जोड़े बनाने चाहिए। एक छात्र को सुनना चाहिए जब दूसरा छात्र उससे अपने चरित्र के कमज़ोर बिंदु के बारे में बात करता है। इसे ऐसा मुद्दा न बनाए जो अधिक व्यक्तिगत हो। संवेदशील होने का प्रयास करें।

छात्र को प्रेम में सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए। इस पाठ्यक्रम के कुछ बिंदुओं पर विचार और पुनरावलोकन करें। उसे रचनात्मक समीक्षा प्रदान करनी चाहिए।

फिर, स्थान बदलें।

**अभ्यास दो:**

यदि समय अधिक है तो, शिक्षक संभावित कलीसिया के अनुशासन परिस्थिति के आधार पर ''भूमिका निभाने का अभ्यास'' बना सकता है। स्वयं की रचनात्मकता का इस्तेमाल करें। छात्रों को एक कलीसिया के अनुशासन परिस्थिति का या उसके दौरान काम करने का अनुभव कराने का प्रसास करें। यदि आवश्यक हो तो पाठ्यक्रम के कुछ निश्चित बिंदुओं का पुनरावलोकन करें।